प्रकाशनार्थ

19 जून 2024 गोरखपुर

रक्तदान महादान है इसको साबित करते हुए एयर फोर्स हॉस्पिटल गोरखपुर तथा गुरू श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन एयर फोर्स हॉस्पिटल गोरखपुर परिसर स्थित ब्लड सेंटर में किया।

इस अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा है कि एयर फोर्स चिकित्सालय रक्तदान शिविर का आयोजन स्वागत योग्य है उन्होंने कहा रक्तदान करना अपने आप में एक महत्वपुर्ण सामाजिक दायित्व है और इसे महादान भी कहा गया है इसके साथ ही रक्त की आवश्यकता वाले मरीज के लिए जीवदान के समान है ऐसे में उन्हे खुशी है कि आज का रक्तदान एयर फोर्स हॉस्पिटल गोरखपुर में किया गया है। डॉ. कोमला एयर फोर्स अधिकारी ने रक्तदाताओं को रक्तदान से संबधित आवश्यक जानकारी एंव सावधानियों से अवगत कराया और बताया कि रक्तदान से किसी के प्राणों की रक्षा तो होती है इसके अतिरिक्त स्वंय का शरीर भी स्वस्थ रहता है तथा कुछ गम्भीर बीमारीयों जैसेः- मोटापा, चर्बी की बीमारी, मधुमेय, उच्च रक्तचाप, हृदय घात एवं कैंसर जैसे रोगों से बचाव भी होता है। उन्होंने सभी रक्तदान करने वाले चिकित्सक व एयर फोर्स कर्मियों के प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया है।

इस शिविर में एयर फोर्स अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

आज के रक्तदान शिविर में विकाश कुमार, रविन्द्र, वीर राम, अरविंद, सुरेश, मनिष राज सहित लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्निशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।